## एक नजर में



### मगराना में रामलीला की धूम

**पडाना 28 मई, सं.** समीप ग्राम मगराना में चल रही 10 दिवसीय रामलीला में बुधवार रात अत्रि मुनि के आश्रम का प्रसंग जीवंत हो उठा. वनवास पर निकले प्रभु श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के आश्रम पहुंचते ही पूरा पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा. मंचन के दौरान माता अनुसूया द्वारा सीता जी को दी गई नारी धर्म की शिक्षा ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया. माता अनुसूया का पात्र निभा रहे ब्रज पाटीदार ने श्रीरामचरितमानस की चौपाई के माध्यम से समझाया कि संकट काल में ही धैर्य, धर्म, मित्र और नारी की वास्तविक परीक्षा होती है. उन्होंने कहा कि सुख-दुख में पति का साथ निभाना और मर्यादा बनाए रखना ही आदर्श नारी का आभूषण है. दस दिवसीय रामलीला श्रृंखला के अंतर्गत बुधवार को शूर्पणखा संवाद और खर-दूषण वध प्रसंग का भी मंचन किया गया. बुधवार को एकादशी होने के कारण रामलीला मंचन स्थगित रहा और इसके स्थान पर मंचन स्थल से भव्य खाटू श्याम की झांकी निकाली गई.

### 2258 शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**राजगढ़ 25 मई, का.** नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ में जिले में एफएलएन (फाउंडेशन ललिटरेसी एण्डढ न्यूमेरेसी) को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढपाले की उपस्थिति में सोमवार को कक्षा पहली व दूसरी में पढाने वाले जिले के 1514 शिक्षकों के लिए ऑनलाईन वी.सी. के माध्यम से उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम 40 मिनिट की गतिविधि का रखा गया. जिसमें सभी को गूगल फॉर्म पूर्ण कराया गया. इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में अनिवार्यतः से सभी कक्षा पहली व दूसरी में पढाने वाले शिक्षकों को शामिल किया गया.

### अकीदत व एहतराम के साथ मनाई ईद



**राजगढ़ 28 मई, का.** दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह स्थित दरगाह हजरत अबुल हसन सिद्दीकी बाबूजी साहब का 48वां उर्स मुबारक बकरा ईद के दिन अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया. उर्स में बड़ी संख्या में जायरीनों एवं अकीदतमंदों ने शिरकत कर बाबा जी की बारगाह में हाजिरी पेश की. दोपहर 3 बजे बाबूजी साहब के अनुयायियों द्वारा चादर पेश की गई. शाम को लंगर का आयोजन किया गया तथा ग्वालियर से आई कव्वाल पार्टी ने शानदार कव्वाली पेश कर महफिल को रूहानी रंग में रंग दिया. बाबूजी साहब का उर्स पिछले लगातार 48 वर्षों से परंपरागत रूप से मनाया जा रहा है. इस उर्स में राजगढ़ सहित आगर मालवा, पीपलोदी, आष्टा एवं आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं.

# पिता को मृत दिखाकर निजी बैंक से लोन निकाला

## खिलचीपुर में जिंदा पिता का मृत्युप्रमाण पत्र बैंक ने स्वीकार किया, 20 लाख का लोन दिया, दूसरे की संपति को मोर्टगैज किया

**पिता को मृत बताया, दूसरे की प्रॉपर्टी पर लोन लिया**
**किस्त नहीं भर पाया तो खुद को मरा साबित करने में जुटा**
**श्मशान से रसीद बनवाई**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 28 मई, का. जिले के खिलचीपुर नगर में एक बेटे ने अपने पिता को सरकारी दस्तावेजों में मृत घोषित कर फर्जी तरीके से संपत्ति अपने और मां के नाम कराई और बैंक से लोन ले लिया. आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि बैंक ने भी दस्तावेजों और परिवार का भौतिक परीक्षण किए बिना ही लोन भी दे दिया. मामले की शिकायत पुलिस को की गई है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है. संवेदनशील मामला होने से बैंक, सरकारी विभाग और पीड़ित के बेटे से पूछताछ की जा रही है.**

बेटे द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों के आधार पर बैंक से 20 लाख रुपए का लोन भी ले लिया. जब किस्तें चुकाने में दिक्कत आई तो युवक ने खुद को भी कागजों में मृत दिखाने की कोशिश की. मामले का खुलासा तब हुआ, जब पिता दिनेश गुप्ता को एक परिचित से बेटे के बैंक लोन की जानकारी मिली. शक होने पर वे बैंक पहुंचे, जहां रिकॉर्ड में खुद को स्वर्गीय देखकर हैरान रह गए. बैंक में जमा दस्तावेजों में उन्हें मृत दर्शाते हुए संपत्ति का नामांतरण मां और बेटे के नाम दिखाया गया था.





### किसी और का मकान-दुकान अपने नाम कराया

पड़ताल में सामने आया कि आरोपी यश गुप्ता ने लोन लेने के लिए किसी और की संपत्ति को अपना बताया था. खिलचीपुर के वार्ड क्रमांक-7 में एक टेलर का मकान (भवन नंबर 15/1) और इंदौर निवासी एक व्यक्ति की दुकान (भवन नंबर 15) है. इस दुकान को यश के मामा राकेश ने सालों पहले किराए पर लिया था. यश ने नगर परिषद के फर्जी दस्तावेज, नकली सील और फर्जी साइन तैयार किए. इसके जरिए उसने इस मकान-दुकान को पहले पिता के नाम दिखाया, फिर पिता को मृत घोषित कर यह प्रॉपर्टी अपनी मां बबीता गुप्ता और अपने नाम ट्रांसफर करा ली. लोन लेते वक्त उसने फाइल में मामा की दुकान की तस्वीर लगाई, जबकि भवन नंबर टेलर के मकान का डाल दिया और 20 लाख रुपए का लोन पास करा लिया. चूंकि यश पहले भी एक लोन ले चुका था, इसलिए उसे पूरी बैंकिंग प्रोसेस पता थी.

### एयू स्माइल फायनेंस बैंक ने दिया 20 लाख का लोन

31 अगस्त 2024 को यश ने खुद को खिलचीपुर का निवासी बताकर अपनी मां और अपने नाम पर यह लोन पास कराया था. लोन की अवधि और यह लोन 15 साल के लिए लिया गया था, जिसकी मासिक किस्त 26,635 रुपए है. बैंक अधिकारियों के मुताबिक, कुल 21 किस्तों में से यश ने केवल 14 किस्तें ही जमा की हैं. पिछले काफी समय से 6 किस्तें पेंडिंग हैं, जिसके चलते बैंक ने उसके अकाउंट को डिफॉल्टर श्रेणी में डाल दिया है.

### लोगों के अकाउंटस मेंटेन करते हैं दिनेश गुप्ता

कहानी के पीड़ित दिनेश गुप्ता खिलचीपुर में प्रतिष्ठित लोगों के अकाउंट्स मेंटेन करने का काम करते हैं. उन्होंने रुंधे गले से अपनी आपबीती सुनाई. दिनेश ने कहा- 34 साल पहले बबीता से शादी हुई. दो बेटे यश और पवन हुए. बच्चों को अच्छी शिक्षा दी, लेकिन वे गलत रास्ते पर चल पड़े. घर में रोज विवाद होने लगा, यहां तक कि पत्नी भी बच्चों का ही पक्ष लेती थी. रोज के क्लेश से तंग आकर मैंने 2020 में अपना घर छोड़ दिया और एक किराए के कमरे में रहने लगा. साल 2023 में यश ने बेकरी व्यवसाय खोलने के नाम पर बैंक ऑफ इण्डिया से 5 लाख का लोन लिया था. लोन लेने के बाद उसने केवल 1 लाख 20 हजार जमा किए, इसके बाद किस्तें देना बंद कर दिया. लगातार नोटिस मिलने के बाद यश ने हाल ही में बैंक आकर एक आवेदन दिया.

### एक फोन कॉल से सामने आया फर्जीवाड़ा

14 अप्रैल 2026 दिनेश गुप्ता को एक परिचित का फोन आया कि उनके बेटे यश ने बैंक से लाखों का लोन लिया है. दिनेश को शक हुआ कि कहीं उनका घर गिरवी तो नहीं रख दिया गया. 18 मई 2026 को सच जानने के लिए दिनेश आगर स्थित एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक पहुंचे. जब उन्होंने अपना परिचय देकर लोन की फाइल देखी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई. बैंक के दस्तावेजों में दिनेश गुप्ता के नाम के आगे स्वर्गीय लिखा हुआ था. खुद पिता को सामने जिंदा खड़ा देख बैंक कर्मचारी भी सन्न रह गए. इसके बाद दिनेश ने अपने जिंदा होने के प्रूफ दिए और लोन फाइल की कॉपी ली.

### झिझक नहीं, जागरुकता ही स्वस्थ समाज की पहचान

**राजगढ़ 28 मई, का.** माहवारी शर्म नहीं, बल्कि गरिमा, स्वास्थ्य और स्वाभाविक जीवन प्रक्रिया का विषय है. इसी संवेदनशील और जागरूकता से भरे संदेश के साथ 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम द्वारा जिले के विभिन्न गांवों में महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के साथ व्यापक जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए. अहिंसा की टीम ने हीरनखेड़ी (घोघडिया), पाटरी कलां, पटना, देवली सहित 7 से अधिक गांवों में चौपाल, बैठकों और सामुदायिक संवाद के माध्यम से किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता, स्वास्थ्य और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम के दौरान टीम सदस्यों ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, गरिमा और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार देता है. ऐसे में महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, सम्मान और स्वच्छता से जुड़े विषयों पर खुलकर संवाद होना एक संवैधानिक और सामाजिक जिम्मेदारी है. संवाद में बताया गया कि माहवारी महिलाओं के शरीर की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है.

# 7 मीटर सड़क पर 1 मीटर घेरकर डाला मलबा

## नाली से निकाला मलबा 3 दिन से वहीं सड़ रहा



नवभारत न्यूज

**पडाना 28 मई, सं. गोडेट कंस्ट्रक्शन कंपनी की मनमानी चरम पर है. ग्राम पडाना के सदर बाजार में 7 मीटर चौड़ी सड़क के 1 मीटर हिस्से को नाली के मलबे से पाट दिया गया है. 3 दिन से मलबा वहीं सड़ रहा है. न हटाया जा रहा है, न काम पूरा हो रहा है. नतीजा- बाजार जाम की स्थिति से कराह रहा है.**

केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत नाली निर्माण का काम लोक निर्माण विभाग सारंगपुर की निगरानी में चल रहा है. पर निगरानी सिर्फ नाम की है. ठेकेदार ने 7 मीटर सड़क के 1 मीटर हिस्से पर खुदाई का मलबा पटक दिया. आधी सड़क पर कब्जा कर लिया. बची-खुची सड़क पर वाहन रेंग रहे हैं.

मलबे के कारण सड़क किनारे की दर्जनों दुकानों का धंधा चौपट हो गया है. दुकानदारों का कहना है कि 4 दिन हो गए, ठेकेदार ने जानबूझकर मलबा डाल रखा है. न तो मलबा हट रहा है, न नाली बन रही है. ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पा रहे. सामान की लोडिंग-अनलोडिंग बंद है. दुकानदारी ठप पड़ी है.

### समय सीमा खत्म, मलबा जस का तस

इस काम की तय समय सीमा कब की निकल चुकी है. फिर भी काम कछुए की चाल से चल रहा है. 3 दिन से मलबा सड़क पर पड़ा है पर सारंगपुर के अफसरों ने आंख तक नहीं खोली. जनता का पैसा, जनता की परेशानी. ठेकेदार को न नियमों का डर है, न अधिकारियों का. सदर बाजार के व्यापारियों का कहना है कि तीन दिन हो गए मलबा अभी तक नहीं हटा और ना ही काम में तेजी नहीं आई.

### मस्जिद में सैकड़ों ने अदा की नमाज़

**पढ़ाना 28 मई, सं.** क्षेत्र में आज ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का त्यौहार पारंपरिक अक़ीदत, हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया. इस मुबारक मौक़े पर कस्बे और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोग सुबह से ही नए-नए वस्त्र पहनकर मुख्य ईदगाह मस्जिद में जुटने शुरू हो गए थे. मौलाना फुरकान ने अपने बयान में ईद-उल-अज़हा के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर रोशनी डाली. उन्होंने कहा कि यह त्यौहार त्याग, बलिदान, सच्चाई और अल्लाह की रज़ा के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रतीक है.

# कथा में सुदामा चरित्र एवं मोक्ष प्रसंग का किया वर्णन

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 28 मई, सं. शहर के होटल भंडारी पैलेस में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें एवं अंतिम दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. कथा व्यास श्री आदित्य गोस्वामी जी महाराज ने सुदामा चरित्र, भगवान श्रीकृष्ण की करुणा एवं मोक्ष प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश दिया. कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए तथा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा.**

आयोजन समिति ने बताया कि आज 29 मई को कथा की पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है.



तलेन 28 मई, सं. नगर में कथा के छठवें दिन पर भगवताचार्य रामप्रसाद व्यास ने बताया की गिरिराज धारण की एक साथ सात परिक्रमा करने से सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते है. इसलिए हमें गिरिराज जी की परिक्रमा करना जरूरी है. इस अवसर पर गुरुजी का स्वागत सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से प्रेमशंकर पांडे, सत्यनारायण शर्मा, ललित पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा, अनूप पालीवाल, महिला मंडल अध्यक्ष प्रभा पालीवाल, पाटीदार समाज के प्रदेश सचिव नंदकिशोर पाटीदार, निर्मल खंडेलवाल, अंजलि जोशी, ममता यदुवंशी, प्रदीप जोशी आदि भक्त गण उपस्थित रहे.



# बाइक पर रखे सेंटिंग के पटिये से टक्कर, दो लोग घायल

## बाइक सवार घायलों को अस्पताल पहुंचाया

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 28 मई, सं. समीपस्थ कुंडीबे रोड पर गुरुवार को लकड़ी के पटियों की वजह से सड़क हादसा हो गया. क्रॉसिंग के दौरान एक बाइक पर बैठे मजदूर के हाथ में पकड़े लकड़ी के पटिये दूसरी बाइक से टकरा गए. टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सड़क पर गिर गईं. हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें आसपास मौजूद लोगों ने अस्पताल पहुंचाया.**

जानकारी के अनुसार, कारीगर सीताराम अपनी बाइक से खिलचीपुर से देवाखेड़ी जा रहा था. उसके पीछे मजदूर रामचन्दर बैठा था, जो हाथ में लकड़ी के सेटिंग वाले लंबे पटिये पकड़े हुए था. उसी समय मेहराजपुरा निवासी विक्रम सौंधिया बाइक से खिलचीपुर की ओर आ रहा था.

कुंडीबे रोड की क्रॉसिंग पर दोनों बाइक आमने-सामने से निकलीं. तभी मजदूर के हाथ में पकड़े पटिये दूसरी बाइक से टकरा गए. अचानक संतुलन बिगड़ने से दोनों बाइक सड़क पर गिर पड़ीं. हादसे में विक्रम सौंधिया के मुंह, हाथ और पैरों में चोट आई है, जबकि मजदूर रामचन्दर के हाथ में चोट लगी. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया गया.

# भक्ति एवं श्रद्धा के साथ शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ

## श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 28 मई, सं.** नगर में बुधवार भील मोहल्ला में तीन दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ. कथा के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे और भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया. कथा प्रारंभ होने से पूर्व विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं मंगलाचरण किया गया. इसके पश्चात भगवान भोलेनाथ के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया. पंडित आशु नागर ने कथा के प्रथम दिवस में भगवान शिव की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि शिव भक्ति से मनुष्य के जीवन में सुख, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. भगवान शिव सरल, करुणामय एवं भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले देव हैं.






**ईद** | ईद-उल-अज़हा (बकरीद) शहर ब्यावरा में पूर्ण हर्षोल्लास, भाईचारे एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया

# अहंकार, लालच और बुराइयों की कुर्बानी का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 28 मई, का.** ईद-उल-अज़हा (बकरीद) शहर ब्यावरा में पूर्ण हर्षोल्लास, भाईचारे एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर स्थानीय ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाजजन एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से ईद की नमाज़ अता की.

सुबह सभी मुस्लिम धर्मावलंबी जामा मस्जिद से पारंपरिक जुलूस की शक्ल में ईदगाह पहुंचे. जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुफ्ती शाकिर फलाही ने कहा कि कुर्बानी केवल जानवर की नहीं, बल्कि अपने अहंकार, लालच और बुराइयों को त्यागने का संदेश भी देती है.

इस गरिमामयी अवसर पर हाजी फिरोज़ खान, नासिर हुसैन कुरैशी, सैयद वकार अली, सैयद मोहम्मद अली, हमीद शेख, नफीस अंसारी, नूरुद्दीन राईन, सैयद इमरान अली, कल्लू खां मंसूरी, शमीम अहमद, राजा ठेकेदार, समीर खान, आफताब खान, यूनुस अहमद, आफताब हुसैन, प्रिंस सैयद, शाकिब हुसैन कुरैशी, रशीद खान फौजी, फिरोज़ लाला, शौकत अली, अनीस खान, जावेद खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और समाजजन उपस्थित रहे.

### बकरीद पर ईदगाह में मुख्य विशेष नमाज अदा

**सारंगपुर 28 मई, सं.** गुरुवार को मुस्लिम समाज द्वारा भाईचारे के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) मनाई गई. विशेष नमाज शहरकाजी मौलाना अब्दुल रशीद साहब ने अदा कराई.

शहर काजी मौलाना अब्दुल रशीद एवं अंजुमन कमेटी सदर एम ए अलीम बाबा कुरैशी ने सभी से अपील की कि कुर्बानी के अवशेषों का निस्तारण सही स्थान पर करें और किसी भी तरह से सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं, जिससे किसी को परेशानी न हो. ईदगाह स्थल पर इस दौरान अंजुमन कमेटी के सदर एमए अलीम कुरैशी अंजुमन कमेटी नायब सदर आशिक मेव, नायब सदर कमरुद्दीन कुरैशी सेक्रेटरी रफीक शेख, जॉइंट सेक्रेटरी नावेद अली खजांची बहादुर भाई, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शफीक अंसारी, पार्षद इरफान अली, रफीक अली, आशिक मंसुरी शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी एडवोकेट, मौलाना साजिद मेव हाफिज, हाजी वली मोहम्मद मंसुरी एडवोकेट रईस मंसुरी एडवोकेट, निजाम कुरैशी, शहजाद मंसुरी एडवोकेट, इरफान खान एडवोकेट, अलताफ़ खांन मेव, पूर्व पार्षद शेखर चाचा मेव, पूर्व पार्षद अखलाक मेंव, पूर्व पार्षद इकबाल हुसैन अंसारी, अंसारी पंचायत अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार अंसारी, हाजी मुजीब खांन, इशाक अली, साबिक सदर सेठु बाबा मौजूद रहे. वहीं शिया समुदाय के मोलाना कल्बे अब्बास साहब और नमाजियों ने मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं मांगीं. शान ए सारंगपुर पेज के संचालक फरमान हुसैन क़ाज़ी ने, अमिल हुसैन क़ाज़ी, मुजाहिद अली, रुखसार हुसैन क़ाज़ी समुदाय के लोग शामिल हुए.



### अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआ

**जीरापुर 28 मई, सं.** ईद-उल-अजह(बकरीद) पर्व पर मुस्लिम समुदाय ने सुबह बस स्टैंड स्थित ईदगाह मैदान में सामूहिक रूप से नमाज अदा की. नमाज के उपरांत लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया. पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए. इस दौरान तहसीलदार कमलसिंह सोलंकी, थाना प्रभारी निरीक्षक हुकमचंद मीणा, उनि संतोष सिंह, अरुण जाट, कूजूर, श्यामलाल धुर्वे, जगदीश चौहान पटवारी, अनिल नायक, देवीसिंह दांगी, आनंदीलाल पाटीदार, राहुल धाकड़, पंकज जाट सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे.

### आपसी भाईचारे के साथ मना पर्व

**खिलचीपुर 28 मई, सं.** (ईद-उल-अजहा) का त्योहार हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया. खिलचीपुर में तेज गर्मी और धूप के बीच मुस्लिम समाज के लोगों ने टेंट की छांव में नमाज अदा की. इस दौरान शहर काजी और नायब काजी खास अंदाज में घोड़ों पर सवार होकर मस्जिद पहुंचे.


**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज- 10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026